## सार-समाचार

### अपहरण व मारपीट के तीन आरोपी पकड़े

**बालोतरा**, ( निसं)। पुलिस अधीक्षक कुन्दन कंवरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक शानदार कार्यवाही करते हुए अपहरण और मारपीट के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुकेश नाई नामक व्यक्ति ने थाना बालोतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 अप्रैल 2०23 को रात 10०-11 बजे जब वह अपनी मोटरसाइकिल से छतरीयों मोर्चा से सेकेन्ड फाटक जा रहा था, तब आरोपी पनालाल, हरिश, किशोर, भगाराम, कमलेश, करण, अजय और दो अन्य लोगों ने उसे रोककर मारपीट की। इसके बाद, उसे उठाकर पनालाल के घर ले जाया गया जहाँ उसके हाथ-पैर बांधकर उसके साथ फिर से मारपीट की गई। आरोपियों ने पुलिस को भी बुलाया और झूठे आरोप लगाकर मुकेश को पुलिस को सौंप दिया। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्रकुमार के सुपरविजन में एक टीम का गठन किया। वृत्ताधिकारी मनीषा गुर्जर के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार किशोर कुमार (50) पुत्र घेवरचन्द जाति माली, उम्र निवासी बालोतरा,कमलेशकुमार (23) पुत्र किशोरकुमार जाति माली, निवासी बालोतरा, करण (24)पुत्र पुखराज जाति माली, निवासी बालोतरा कों गिरफ्तार किया।

### चना व सरसो की खरीद शुरू

**बाप**, (निसं)। बाप क्रय-विक्रय सहकारी समिति लि. द्वारा यंहा आरसीपी कॉलोनी स्थित केंद्र पर बुधवार से समर्थन मूल्य पर चना व सरसों की खरीद शुरू कर दी है। केवीएसएस बाप के जनरल मैनेजर चंद्रवीर सिंह देवडा ने बताया कि राजफेड व नेफैड द्वारा केवीएसएस बाप के माध्यम से समर्थन मूल्य पर चना व सरसो की खरीदारी की जा रही है। देवडा ने बताया कि चना का समर्थन मूल्य 544० रुपए प्रति क्विटल व सरसों का 565० रुपए प्रति क्विटल है। एक किसान से अधिकतम 25 क्विटल माल समर्थन मूल्य पर खरीद सकते है। प्रथम दिन 2 किसानों से 38 क्विटल रायडा की खरीदारी हुई। इस अवसर पर क्रय केन्द्र प्रभारी गणेश कुमावत, कम्प्यूटर ऑपरेटर पप्पूराम, जगदीश, सतार खां आदि उपस्थित थे। हजारीराम गोदारा चेयरमैन बाप क्रय विक्रय सहकारी समिति लि. बाप के अनुसार बाप केन्द्र पर समर्थन मूल्य पर सरसों (रायडा) व चना की खरीद बुधवार से शुरू की गई। केंद्र पर बारदाना का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा खरीद प्रक्रिया के सुचारू संचालन की पुख्ता व्यवस्था की गई है।

### बाप में शोभायात्रा का स्वागत किया

**बाप**, (निसं)। जय श्रीराम, जय श्रीराम के उद्घोष से बाप कस्बे की गलियां बुधवार को गूंज उठी। अवसर था रामनवमी शोभायात्रा का। शोभायात्रा में भगवा ध्वज लिए युवा भगवान राम के जयकारे लगा रहे थे। विभिन्न समाज और संगठनों की ओर से निकाली गई शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। श्री रामनवमी महोत्सव समिति एवं विश्व हिंदू परिषद की ओर शोभायात्रा का आयोजन हुआ। दोपहर बाद चार बजे पालीवाल ब्राह्मण समाज भवन के आगे से शुरू हुई शोभायात्रा धामटो का बास, मुख्य बाजार, बस स्टेंड, सुथारो का बास, मेघवालो का बास, हनुमान मंदिर रोड होते हुए आदर्श विद्या मंदिर परिसर में पहुंची। यंहा पर महाआरती हुई। शोभायात्रा का जगह जगह ग्रामीणो ने पुष्पवर्षा से स्वागत किया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने शिरकत की। कानून व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस जवान तैनात रहे। तहसीलदार शिव प्रसाद शर्मा भी साथ रहे।

### शीतल जल मंदिर का उद्घाटन

**धोरीमन्ना**, (निसं)। धोरीमन्ना पंचायत समिति मुख्यालय की ग्राम पंचायत भीमथल में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीमथल में शीतल जल मंदिर का धूमधाम से उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर धोरीमन्ना हनुमान मंदिर पुजारी कालूराम सिडोलिया ने विशेष पूजन पाठ कर शुभारंभ करवाया। इस अवसर पर शीतल जल मंदिर का निर्माण कार्य श्याम सुंदर हेमराज सेठिया परिवार ने करवाया। उद्घाटन के अवसर पर श्याम सुंदर सेठिया के परिवार जन, से ओमप्रकाश गांधी, राजकुमार चांडक , बाबुलाल गांधी , अशोक कुमार दर्जी, सुरेश कुमार सेठिया, अनिल सेठिया, बंशीधर सेठिया मुकेश कुमार, अशोक कुमार,सुरेश सखलेचा,शाहिल सेङ्गिया सहित कई गणमान्य लोगों महिलाओं बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वही श्याम सुंदर सेठिया कि याद में शीतल जल मंदिर का उद्घाटन किया गया।

### शतरंगी सप्ताह के पोस्टर का विमोचन

**बालोतरा**, (निसं)। पंचायत समिति गिडा में श्री भुवनेश्वर सिंह चौहान, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बालोतरा द्वारा शतरंगी सप्ताह के पोस्टर का विमोचन किया गया । एवं आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के स्वीप कार्य म में अन्तर्गत रंगोली कार्यक्रम एवं शपथ संबधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उपस्थित आमजन को ग्राम स्तर पर शत प्रतिशत मतदान करने हेतु एवं सभी मतदाताओ को जागरूक करने हेतु कहा। उक्त कार्यक्रम में श्री भुवनेश्वर सिंह चौहान, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बालोतरा, डॉ. भंवरलाल गोदारा विकास अधिकारी, श्री रामचंन्द्र मीणा तहसीलदार गिडा, श्री खुमाराम सारण अतिरिक्त विकास अधिकारी, श्री केहराराम सहायक विकास अधिकारी विभागो के कार्मिक एवं आमजन उपस्थित रहे।

### नहर में गिरने से युवक की मौत

**बाप**, (निसं)। बाप उपखंड क्षेत्र के रावरा गांव निवासी एक युवक की नहर में गिरने से मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को ग्रामीणो के सहयोग से बाहर निकलवा कर बाप स्थित सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया है। राजूराम पुत्र रेंवतराम निवासी रावरा ने पुलिस को बताया कि उसका भाई कानाराम की दिमागी हालात ठीक नही है। परिजनो के अनुसार वह कभी कभार घर से निकल जाता है। मंगलवार को भी वह घर से निकल गया था। उसे बाप में तथा शाम करीब 7 बजे 42 आरडी भींवजी का गां नहर में पानी पीते देखा गया था। लेकिन रात को घर नहीं लौटा। रात भर तलाश करने के बाद भी वही नही मिला। बुधवार सुबह 42 आरडी के पास लगी जाली मे अटका हुआ उसका शव मिला। परिजनो ने पुलिस को दी रिपोर्ट मे बताया कि संभवत- नहर में पानी पीते समय पैर फिसलने से वह नहर में गिर गया। जिससे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गहलोत ने जैसलमेर में सभा की

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर में पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने बुधवार रामनवमी को चुनावी सभा को संबोधित किया। चुनावी सभा में गहलोत ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। सभा में सालेह मोहम्मद, उम्मेदसिंह तंवर व कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार उम्मेदाराम बेनीवाल आदि मौजूद रहे। सभा में कांग्रेसियों ने जितनी भीड़ की उम्मीद जताई थी, उस मुताबिक भीड़ नहीं जुट पाई। गौरतलब है कि बाड़मेर जैसलमेर लोकसभा चुनाव 26 अप्रैल को होने है। जैसलमेर में चुनावी सभा के लिए अशोक गहलोत विशेष विमान से 10.30 बजे जैसलमेर पहुंचे। बाड़मेर रोड पर आयोजित हुई सभा में 13 मिनट का भाषण दे कर जयपुर रवाना हो गए।

### तहसीलदार ने कन्या पूजन किया

**बाप**, (निसं)। चैत्री नवरात्रि की नवमी पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री की पूजा, कन्या पूजन और हवन किए। तहसीलदार शिव प्रसाद शर्मा ने अपने आवास पर नवरात्रि के नो दिन मां दूर्गा का पूजन करवाया। बुधवार को 31 कन्याओं का मां दूर्गा के रूप में पूजन किया। साथ ही पंडित विजय कुमार दवे के सानिध्य में हुए हवन में सभी कन्याओं से भी आहुतियां दिलवाकर प्रसाद वितरण किया। राम नवमी बाप में भाई चारा व सौहाद्र पूर्ण वातावरण बना रहे इसकी कामना की गई।

### विशाखापट्टनम कल रहेगी रीशेड्यूल

**जोधपुर** , (कासं)। पूर्व तटीय रेलवे द्वारा संबलपुर मंडल पर टिटिलागढ़-सिंगापुर रोड रेलखंड के मध्य लांजीगढ रोड-आम्बोदला-डोइकल्लू स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन डालने को लेकर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। मंडल रेल प्रबंधक पंकजकुमार सिंह के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण गाड़ी संख्या 18573 विशाखापट्टनम-भगत की कोठी एक्सप्रेस रेल सेवा 18 अप्रैल को विशाखापट्टनम से निर्धारित समय 02 घंटे 30 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी।

### कांग्रेस का 'वचन पत्र' जारी

**जालोर**, ( कासं)। जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने बुधवार को अपना वचन पत्र जारी कर दिया। रानीवाड़ा के कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वचन पत्र में रोजगार मेलों के जरिए 10 हजार से अधिक स्थानीय युवाओं को नौकरियां देने का वादा कांग्रेस प्रत्याशी वैभव ने किया।

# सूर्यनगरी हुई राममय, गूंजे जय श्रीराम के जैकारे, झांकियों ने मोहा शहरवासियों का मन



जोधपुर में रामनवमी की शोभायात्रा में रामदरबार की पूजा अर्चना की।



जैसलमेर में महंत बालभारती सहित लोगों ने रामनवमी शोभायात्रा में हिस्सा लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जोधपुर**, (कासं)। रामनवमीं का पर सूर्यनगरी में भक्ति भाव के साथ मनाय गया। घर घर पूजा अर्चना की गई।

हर वर्ष की भांति इस बार भी विश्व हिन्दू परिषद द्वारा संचालित श्री रामनवमी महोत्सव समिति के तत्वावधान में करीब साढ़े तीन सौ से अधिक झांकियों के साथ रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गई। घंटाघर में सुबह मुख्य पूजा के बाद शोभायात्रा रवाना हुई। यहां कई सन्तों ने रामदरबार की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने भी रामदरबार की पूजा अर्चना की। विश्व हिंदू परिषद के सभी 14 प्रखंड पुराना शहर, बागर, सूरसागर, चांदपोल, सरदारपुरा, रातानाडा, महामंदिर, मंडोर, बनाड़, मसूरिया, बासनी, नंदनवन, केशवनगर और सांगरिया तथा बीजेएस से लघु यात्राएं घंटाघर पहुंचकर मुख्य शोभायात्रा में शरीक हुई।

समिति अध्यक्ष संदीप काबरा ने बताया कि शोभायात्रा में विभिन्न भजन मण्डलियां, मंगल कलश सहित महिलाएं, बैण्डों के साथ लगभग साढ़े तीन सौ से अधिक झांकियां शामिल हुई। भगवान राम, शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, गजानंद, देवी मां सहित अन्य देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

शोभायात्रा में हिन्दू युवा अपनी शौर्यता का प्रदर्शन तथा करतब दिखाते हुए चल रहे थे। इनके साथ राम दरबार, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व समसामयिक झांकियां चल रही थी। झांकियों के साथ भजन मंडलियां, घोड़े, रथ, बैंड, शहनाई वादक आदि सम्मिलित हुए। इसके साथ लोककला का चकरी नृत्य तथा पंजाबी भांगड़ा भी इस बार विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। बजरंग दल के सभी 14 प्रखण्डों से युवाओं की भगवा रैलियों के साथ विहिप के महिला संगठनों की टोलियां भी शोभायात्रा में शामिल हुई।

मातृशक्ति एक ही तरह के वस्त्रों में मंगल गीत गाते हुए चल रही थी। शोभायात्रा में रामायण के हर पात्र की संजीव झांकी, उज्जैन महाकाल की भस्म टोली, दिल्ली की महादेव बारात, महाराष्ट्र नासिक के ढोल, बारह ज्योतिर्लिंग, द्वारिकाधीश व अयोध्या प्रभु श्री राम की झांकी सहित पर्यावरण संरक्षण, नारी सुरक्षा, राष्ट्र रक्षा, शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश देती झांकियां शामिल की गई।

शोभायात्रा घण्टाघर से रवाना होकर कटला बाजार, आडा बाजार, खाण्डाफलसा, जालोरी गेट, गोल बिल्डिंग होते सरदारपुरा सत्संग भवन पहुंचकर विसर्जन हुई। शोभायात्रा का करीब जगह जगह स्वागत किया गया। कई संस्था-संगठनों ने शोभायात्रा में करतब दिखा रहे अखाड़ों के उस्ताद, संत, रामनवमी महोत्सव समिति के पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर व साफा बांधकर स्वागत किया। जोधपुर शहर के प्रमुख संतों तथा समाज बिरादरी के प्रमुखों का विहिप द्वारा स्वागत मंच पर किया गया। रास्ते में अनेक स्थानों पर राम भक्तों ने शोभायात्रा में शामिल लोगों को छाछ, शिकंजी, कोल्ड ड्रिंक्स, आइसक्रीम, कचौरी, बिस्किट आदि का वितरण किया।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में मारवाड़ के गांवों से विश्नोई समाज के लोग भी सफेद धोती कुर्ते के साथ सफेद साफे में नजर आए जो पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश देने के साथ वन्य जीवों को बचाने व पक्षियों को दाना पानी से सेवा का भी संदेश दे रहे थे। इसके साथ ही देवासी समाज के लोगों ने अपनी पारम्परिक लाल साफा व सफेद धोती अंगरखी पहन हाथ में प्रतीक डांग लेकर शोभायात्रा शिरकत की जो ढोल थाली की ताल पर थिरकते नजर आए।

### जैसलमेर में आर्य दल का शौर्य प्रदर्शन

**जैसलमेर**, (नि.सं.) भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने वाले श्रीराम लला की शोभायात्रा हनुमान चौराहे से आरंभ होकर गांधी चौक, सदर बाजार, गुलासतला रोड, गोपाचौक आसनी रोड होते हुए गड़ीसर चौराहे पहुंची । शोभा-यात्रा में मंगल कलश धारण किये बालिकाएं, विभिन्न देवी-देवताओं की झांकिया, डी.जे, ऊट एवं घोडो के साथ ही दुपहिया वाहन रैली आगे आगे चली। शोभायात्रा में जय श्रीराम के जयकारों से सम्पूर्ण शहर राम मय हो गया

शोभायात्रा में आर्य समाज की युवा इकाई आर्य वीर दल द्वारा शौर्य प्रदर्शन किया गया।

आर्य वीर दल द्वारा कई स्थलों पर आकर्षक व्यायाम प्रदर्शन,योगासन, पिरामिड, सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, चन्द्र नमस्कार, कमाण्डों प्रदर्शन, दण्ड युद्ध, अस्त्र-शस्त्र संचालन, सुदर्शन चक्र चलाना, जुड़ो-कराटे, शक्ति प्रयोग में गले-आंख से लोहे का सरिया मोड़ना, हाथ से कांच पीसना, पीतल की थाली फाड़ना, सीने पर से मोटरसाइकिल निकलवाना, सीने पर पत्थर तुड़वाना, ट्यूबलाइट तुड़वाना, कमर से लोहे की सांकल तोड़ना, कलाई से लोह सरिये की स्प्रिंग बनाना, मुंह से आग निकालना, अग्नि चक्र में से निकलना, अकेले गाड़ी रोकना व खींचना सहित कई हैरतअंगेज प्रदर्शन किए गए।

### पंचायत समिति गिड़ा में बैठक

**बालोतरा**, (निसं)। पंचायत समिति गिड़ा सभागार में श्री भुवनेश्वर सिंह चौहान, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बालोतरा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं पेंशन सत्यापन संबधी समस्त योजनाओ में शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने हेतु समस्त कर्मचारियों को आदेशित किया।

बैठक में आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 को देखते हुए प्रत्येक मतदान केन्द्रो पर समस्त सुविधाएं( बिजली, पानी, ब्हील चेयर आदि) उपलब्ध करवाते हुए ग्राम स्तर पर शत प्रतिशत मतदान करने हेतु सभी को जागरूक करने हेतु कहा। उक्त बैठक मे भुवनेश्वर सिंह चौहान, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बालोतरा, डॉ. भंवरलाल गोदारा विकास अधिकारी, खुमाराम सारण अतिरिक्त विकास अधिकारी, केहराराम सहायक विकास अधिकारी सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रामनवमी उत्सव मनाया




गुड़ामालानी में मेला मैदान से विशाल शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

**गुड़ामालानी**, (निसं)। गुड़ामालानी में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर मेला मैदान से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का जगह-जगह कस्बे वासियों ने स्वागत किया गया ।

रामनवमी उत्सव पर विश्व हिन्दू परिषद,भारत विकास परिषद सहित संगठनों एवं सभी वर्गो के लोगों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा यात्रा राणा प्रताप गढ,कोटवालो का वास, रोड़वेज बस स्टैंड सहित विभिन्न मार्गो से होती हुई मैला मैदान पहुंची । कोटवालो का वास शौभायात्रा यात्रा पहुंचने पर मोमीन भाईयों ने फूलों से स्वागत किया। छोटे छोटे बच्चों द्वारा झांकियां निकाली गई। शोभायात्रा में वाहन एवं मोटरसाइकिल रैली शामिल रही। जय श्री राम के जयकारों से कस्बा भक्तिमय हो गया। शौभायात्रा में स्थानीय प्रशासन का पुरा सहयोग रहा।

## महंत प्रतापपुरी ने गांवों में जाकर जनता के हाल जाने

**बाप**, (निसं)। पोकरण विधायक महन्त प्रतापपुरी मंगलवार को नोख उप तहसील क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान पोकरण विधायक के सामने विभिन्न गांवों में ग्रामीणों ने जन समस्याओं का पिटारा खोल दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नोख गांव में सोलर प्लांट में काम को लेकर चर्चा की गई। विधायक ने हर व्यक्ति को सोलर में काम देने की बात को गम्भीरता से लिया। क्योंकि बार-बार सोलर प्लांट में काम को लेकर ग्रामीणों की शिकायत मिल रही थी। जिसका ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं के सामने निवारण किया।

बीठे का गांव में बुथ अध्यक्ष लाल सिंह भाटी ने एएनएम लगाने की मांग रखी। विधायक ने उसी समय संबधित विभाग के उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत करवाया एएनएम लगाने को कहा। ग्रामीणों ने बताया कि 12वीं विद्यालय में भी पिछले कई महीनो से प्रिंसिपल का पद रिक्त है।

विद्युत विभाग के अधिकारियों को फाल्ट लाइनो को ठीक करने व घरों के ऊपर से निकलने वाली विद्युत तारों को हटाने के निर्देश दिए। विधायक महंत नोख, तालरिया, ढालेरी, बोडाना, पुनम सिंह की ढाणी, ठाकरबा, बिठे का गांव, करने वाला, जालुवाला में पहुंचे।

इस दौरान उन्होने ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील भी की।

महन्त के साथ पूर्व जिला अध्यक्ष अजय पाल सिंह भाटी अवाय, जिला परिषद सदस्य उत्तम सिंह तंवर, पूर्व सरपंच नंदकिशोर व्यास, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय छंगाणी, उप प्रधान महिपाल सिंह भाटी, पूर्व सरपंच मेघ सिंह भाटी, भाजपा के वरिष्ठ घेवर सिंह सिसोदिया, भाजपा नेता दीनदयाल व्यास, मीडिया प्रभारी केशव गोपा, सुगन सिंह भाटी, जेठाराम राईका, मंगू सिंह भाटी, मोतीलाल तंवर, लालसिंह, भैराराम सुथार,भंवर प्रजापत रविंद्र सिंह भाटी अर्जुन सिंह महेंद्र माली संगा राम माली। भाजपा महिला मोर्चा लीला माली, विजय छंगाणी मोहन राम दर्जी, सहित कई लोग रहे मौजूद थे।

# लोगों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की, आतिशबाजी हुई



जालोर में विहिप की प्रेरणा से सनातन महोत्सव समिति ने शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत



पाली में वानर सेना के साथ हनुमानजी की झांकी ने लोगों का मन मोहा। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। विश्व हिन्दू परिषद् की प्रेरणा से सनातन महोत्सव समिति, जालोर की ओर से बुधवार को भव्य रामनवमी शोभायात्रा निकाली गई।

सनातन महोत्सव समिति के राजकुमार माली ने बताया कि शोभायात्रा की शुरूआत तिलकद्वार के अंदर स्थित बाबा रामदेव मंदिर से भेरूनाथ अखाडा के गोपालनाथ, चामुंडा माता मन्दिर पवनपुरी व वागेश्वर मठ के प्रेमगिरी महाराज द्वारा भगवान श्रीराम की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। जिसके बाद शोभायात्रा में क्रमवार माइक लगी टैक्सी, घोडे, ऊँट, नौबत, समर भाला, भगवान श्रीराम का रथ, बैंड बाजा, नन्हे बच्चे, नासिक ढोल, मातृशक्ति, डीजे, ध्वज टोली व युवाओं सहित शहर के नागरिक, साधु - संतो के रथ, संस्थाओ के रथ व अंत में स्कूलों तथा विभिन्न समाज की झाँकिया चलते हुये मन मोह रही थी। शोभायात्रा में नन्हे बच्चे, मातृ शक्ति व युवाओं की टोली अपने हाथो में भगवा ध्वज लहराकर चलते हुये साथ ही भगवान श्रीराम के गानों पर नाचते, झूमते हुये शोभायात्रा को शोभायमान कर रहे थे। रास्ते में स्थानीय विधायक व मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व लोकसभा भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी ने भगवान श्रीराम के दर्शन किये। वही कांग्रेस कार्यालय के आगे भी शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न व्यक्तिओं, समाजों, संस्थाओ द्वारा जगह- जगह पर जल, शरबत, ठंडाई, छाछ, ज्यूस, प्रसाद के रूप में केले व फलाहारी की व्यवस्था के साथ पुष्प वर्षा तथा आतिशबाजी भी गई। शोभायात्रा में सुरक्षा टोली व समिति के सदस्य अपनी- अपनी जिम्मेदारियों को संभालते हुये अपने कार्य का अच्छे से निर्वहन कर रहे थे। शोभायात्रा मे पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहते हुये सुरक्षा के साथ ट्राफिक व्यवस्था को संभाले हुये थी। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम के जयकारो से फिंजा भी गुंजायमान हो उठी।

शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई गंतव्य स्थान पर विसर्जित हुई। तथा वहां भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। रामनवमी पर्व को लेकर दिनभर भगवान श्रीराम के भक्तो ने भगवान श्रीराम की भक्ति की तथा भगवान श्रीराम मंदिर में भी दिनभर भीड़ नजर आई। रामनवमी का पर्व जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस दौरान कार्यक्रम संयोजक कैलाश माहेश्वरी, वीएचपी के दिनेश जीनगर, उप सभापति अंबालाल व्यास, खिमसिंह, शैतानसिंह राजपुरोहित, दिलीप शर्मा, केशव व्यास, दिनेश बारोट, अर्जुनसिंह सिंधल, भागीरथ गर्ग, सुरेश सुन्देशा, सुरेंद्र जांगिड, मुकेश सिंधी, पारस गर्ग सहित शहर के गणमान्य नागरिक, बच्चे व बड़ी संख्या में मातृ शक्ति शामिल रही।

धोरीमना संवाददाता के अनुसार : विश्व हिन्दू परिषद् और बजरंग दल, प्रखण्ड धोरीमना के संयुक्त तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आलमजी मंदिर से शोभयात्रा प्रारम्भ होकर कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुये होली चौक पर समापन हुआ। भगवा दुपट्टे और भगवा झंडों के साथ राम भजनों से पूरा नगर राममय हो गया। मातृशक्ति ने भारी संख्या में भाग लिया।

इस दौरान विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष बालूराम राजपुरोहित प्रखंड क्षरक्षक महेंद्र राठी प्रखंड मंत्री बीरबल जाणी, बजरंग दल संयोजक महेश राजपुरोहित, कार्यक्रम संयोजक श्यामसुन्दर दर्जी, उपाध्यक्ष गौतम माली, दिनेश लालन, सरपंच मनोहर विश्नोई, जयकिशन भादू, गोपाल भार्गव, अनंतराम भंवार, पवन बोहरा, पुखराज पुंगलिया, भागीरथ पुंगलिया सहित मातृशक्ति व प्रबुद्धजनों ने भाग लिया।

### पाली में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

**पाली**, (नि.सं.)। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की रामनवमी पर बुधवार सुबह रघुनाथ जी मंदिर से 9:15 बजे धूमधाम से भव्य शोभायात्रा विभिन्न समाज समाज सेवी संस्था विद्यालयों की करीब सवा सौ झांकियां, चारबैंड, नासिक ढोल के साथ रवाना हुई।

शोभा यात्रा में सबसे आगे घोड़े पर केसरिया ध्वज साफा पहने जवान, राजपूत समाज के दर्जन समाज बंधु केसरिया साफा पहन बाइक पर सवार, उसके पीछे झांकियां, दुर्गा वाहिनी आर्य वीर दल की बालिकाएं केसरिया साफा बंदे लाठी तलवार का प्रदर्शन कर रही थी। डीजे पर देश का बच्चा-बच्चा जय श्री राम कहेगा , मेरी झोपड़ी में राम आ जाएंगे, गीतों पर युवक नृत्य कर रहे थे। भगवान राम के जीवन को दर्शाते बाल रूप, राम दरबार, लक्ष्मण मोर्चा, वन में राम, नवदुर्गा, वानर सेना के साथ हनुमानजी, मतदान करने की झांकियां सम्मिलित थी। जिस राह से गुजर जुलूस वाहन शहर वासी पुष्प वर्षा का स्वागत कर रहे थे। वहीं विभिन्न समाजों द्वारा शीतल जल शरबत, ज्यूस आइस क्रीम, खिलाकर स्वागत किया।

शोभायात्रा मैं शामिल राम दरबार की झांकी में सजे भगवान की प्रतिमा डेढ़ किलो चांदी के बने आभूषण पहने हुए थे, इस रथ को युवक खींच रहे थे। महिला भजन मंडली अभी शामिल थी, शोभा यात्रा, पानी दरवाजा, रवाना होकर रामबास बादशाह का झंडा सराफा बाजार उदयपुरिया बाजार, गुलजार चौक से पुरानी सब्जी मंडी धान मंडी होकर वापस सराफा बाजार फतेहपुरिया बाजार से रघुनाथ जी मंदिर पुंज समाप्त हुई। 2 किलोमीटर लंबी शोभायात्रा 4 किलोमीटर रास्ता 6 घंटे में पूरा किया। शोभा यात्रा में रामनवमी समिति के डॉक्टर शिवचरण मीणा, बजरंग लाल हूरकट, नरेंद्र मच्छर, परमेश्वर जोशी, विजय राज सोनी नीरज सोनी, मनीष सेन के साथ 200 युवा संचालित कर रहे थे। जुलूस में पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सभी थानों के इंचार्ज मौजूद रहे।